आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 06.10.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण व युवाओं को खेलों के प्रति और अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश सरकार ने राज्य में प्रतिबंधित कफ सिरप और औषधियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया। अब तक 63 सैम्पल जांच के लिए भेजे गए।
- बदरीनाथ और केदारनाथ धाम सहित राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी। निचले हिस्सों में बारिश। तापमान में आई गिरावट।
- चंपावत जिले के लोहाघाट में एकीकृत कृषि क्लस्टर क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न।

**मुख्यमंत्री समीक्षा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण और युवाओं को खेलों के प्रति और अधिक प्रोत्साहित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज मुख्यमंत्री आवास में खेल विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान तैयार किए गए खेल अवसंरचना का नियमित रख–रखाव और उसके प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि राज्य में खेल गतिविधियों को निरंतर गति मिल सके। उन्होंने इन परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए राज्यभर में नियमित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में बनने वाले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की कार्यवाही में तेज़ी लाने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और भागीदारी बढ़ाने के लिए न्याय पंचायत स्तर से लेकर विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी जैसी प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को भी आवश्यक सहयोग प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों की नियुक्ति करने और राज्य में विभिन्न खेल अकादमियों की स्थापना से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

## कफ सिरप

बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश सरकार ने राज्य में प्रतिबंधित कफ सिरप और औषधियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और औषधि प्रशासन की संयुक्त टीमें प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं और अस्पतालों में औषधि दुकानों पर छापेमारी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी अभियान के दौरान 63 सैम्पल एकत्र कर जांच के लिए भेजे गए हैं।

## छात्र दल

योजना और कला वस्तु स्कूल, नई दिल्ली के छात्र, वर्ष 2047 के विकसित भारत को ध्यान में रखकर, ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर के समन्वित विकास की रूपरेखा तैयार करेंगे। इसके लिए स्कूल के 45 विद्यार्थियों की टीम, रुद्रपुर क्षेत्र के विभिन्न आयामों पर गहन अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसे जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। छात्रों ने आज विकास भवन में अधिकारियों के साथ शहर के बारे में गहन मंथन किया। छात्र सुमित कुमार झा ने बताया कि शहर में औद्योगिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के साथ ही सभी क्षेत्रों में सुनियोजित विकास को लेकर अगले 20 साल को ध्यान में रखते हुए लोगों से बात कर डेटा तैयार किया जाएगा।

जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल ने बताया कि छात्रों के साथ रुद्रपुर नगर के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई।

## बर्फबारी

बदरीनाथ और केदारनाथ धाम सहित राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में आज ताजा हिमपात हुआ। चमोली जिले में हेमकुंड साहिब के अलावा अन्य ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फ़बारी होने से तापमान में गिरावट आई है। केदारनाथ धाम में इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई। दोनों धामों के दर्शन को पहुंचे तीर्थयात्रियों ने भी बर्फबारी का लुत्फ उठाया। वहीं, राजधानी देहरादून सहित विभिन्न इलाकों में बारिश होने से तापमान में कमी आई है।
इस बीच, मौसम विभाग ने आज राज्य के आठ जिलों में कहीं—कहीं गर्जन के साथ ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा राज्य के विभिन्न पर्वतीय हिस्सों में तेज बारिश और चार हजार मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

**कार्यशाला सम्पन्न**

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चंपावत जिले के लोहाघाट में एकीकृत कृषि क्लस्टर पर तीन दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने प्रतिभागियों को क्लस्टर की अवधारणा, उद्देश्य और व्यावहारिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ बनाने के लिए क्लस्टर स्तर पर नवाचार, तकनीकी दक्षता और गुणवत्तापरक उत्पादन बहुत जरूरी हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एन.आई.आर.डी हैदराबाद के नेशनल रिसोर्स पर्सन बीएम कांडपाल ने प्रतिभागियों को उत्पाद की गुणवत्ता निर्धारण, लागत व मूल्य निर्धारण, व्यवसाय योजना निर्माण और क्लस्टर के दीर्घकालिक संचालन जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। समापन अवसर पर स्वयं सहायता की महिलाओं व उत्कृष्ट कार्य करने वाले एन.आर.एल.एम. कैडरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**सुरक्षित दवा–सुरक्षित जीवन**

बागेश्वर जिले में नशा–मुक्त समाज और दवाओं के सुरक्षित उपयोग को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लगातार अभियान चला रहा है। प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने आज एक पत्रकार वार्ता में बताया कि ''सुरक्षित दवा–सुरक्षित जीवन'' अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें ड्रग इंस्पेक्टर, स्वास्थ्य विभाग की टीम और विधिक सलाहकार सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दुकानों में केवल मानक और प्रमाणित दवाइयां ही उपलब्ध हों।

**राज्यपाल/राश्ट्रपति भेंट**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने श्रीमती मुर्मु को 'मानसखंड' के अंतर्गत आने वाले पावन मंदिरों, विशेष रूप से नीब करौरी धाम और जागेश्वर धाम की यात्रा के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का आगमन, राज्य के लिए गौरव और प्रेरणा का अवसर होगा। इस दौरान राज्यपाल ने राष्ट्रपति को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उत्तराखण्ड में किए जा रहे सराहनीय प्रयासों की जानकारी भी दी और कहा कि प्रदेश इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है।